# अमौसी औद्योगिक क्षेत्र बनेगा मॉडल इंडस्ट्रियल हब

**अमर उजाला ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने अमौसी औद्योगिक क्षेत्र को बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन के लिए प्राथमिकता क्षेत्र घोषित किया है। करीब 31 करोड़ रुपये की लागत से यहां सड़क, नाले, कल्वर्ट और औद्योगिक प्रवेश द्वार सहित कई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। उद्देश्य है - ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देकर अमौसी को मॉडल इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित करना।

कामगारों व आगंतुकों के लिए श्रमिक सेवा केंद्र, वेंडिंग जोन, ट्रक ले-बाय, कैफेटेरिया, सार्वजनिक शौचालय और डॉरमेट्री जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने कहा कि अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया को रणनीतिक रूप से विकसित कर निवेशकों के लिए सरल और आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया जा रहा है, ताकि उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी बन सके।

## इस तरह से किया जा रहा अपग्रेड

- सड़कों, फुटपाथ, ट्रक ले-बाय, कल्वर्ट व ड्रेनेज सिस्टम का रखरखाव – ₹12 करोड़
- एफडीआर तकनीक से सड़क निर्माण – ₹6 करोड़
- इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर, पुलिस चौकी व ईवी चार्जिंग स्टेशन – ₹3.4 करोड़
- स्ट्रीट फर्नीचर, साइनज, नेस्टिंग हट व फायर सेफ्टी सप्लाई – ₹1.2 करोड़

## आगामी सिविल परियोजनाएं

- उद्यान व लैंडस्केपिंग – ₹1.5 करोड़
- सड़क चौड़ीकरण हेतु इंटरलॉकिंग टाइल्स – ₹2.2 करोड़
- नया नाला निर्माण – ₹2.6 करोड़
- नया प्रवेश द्वार – ₹0.5 करोड़
- वार्षिक रखरखाव व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन – ₹1.26 करोड़